# स्वर - VOWELS –உயிர் எழுத்துக்கள்

अ அ  आ ஆ  इ இ

ई ஈ  उ உ  ऊ ஊ

ऋ க்ரு  ए எ,ஏ  ऐ ஐ

ओ ஒ,ஓ  औ ஔ

अं அம்  अः அஹ

# व्यंजन - CONSONANTS - மெய் எழுத்துக்கள்

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क**ka** | ख**kha** | ग **ga** | घ**gha** | ङ**gna** |
| चcha | छchha | ज ja | झjha | ञnya |
| ट**ta** | ठ**tta** | ड**da** | ढ **dda** | ण**nna** |
| त**tha** | थ**thha** | द **dha** | ध**dhha** | न**na** |
| प**pa** | फ**pha** | ब**ba** | भ**bha** | म**ma** |
| य **ya** | र**ra** | ल**la** | व**va** | |
| श**sha** | ष **ssha** | स**sa** | ह**ha** | |

## संयुक्ताक्षर - COMBINED LETTERS

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्ष**ksha** | त्र**thra** | श्र**shra** | ज्ञgnya |

## स्वर की मात्राएँ - SYMBOLS OF VOWELS

| | |
|---|---|
| अ | - |
| आ | ा |
| इ | ि |
| ई | ी |
| उ | ु |
| ऊ | ू |
| ऋ | ृ |
| ए | े |
| ऐ | ै |
| ओ | ो |
| औ | ौ |
| अं | ं |
| अ: | ः |

# बारहखड़ी - உயிர் மெய் எழுத்துக்கள்

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
| - | ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ | ं | ः |
| क | का | कि | की | कु | कू | कृ | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खृ | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गृ | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घृ | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| ङ | ङा | ङि | ङी | ङु | ङू | ङृ | ङे | ङै | ङो | ङौ | ङं | ङः |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चृ | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छृ | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जृ | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झृ | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| ञ | ञा | ञि | ञी | ञु | ञू | ञृ | ञे | ञै | ञो | ञौ | ञं | ञः |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टृ | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठृ | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डृ | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढृ | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| ण | णा | णि | णी | णु | णू | णृ | णे | णै | णो | णौ | णं | णः |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | ता | ति | ती | तु | तू | तृ | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थृ | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दृ | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धृ | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | नृ | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पृ | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फृ | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बृ | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भृ | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मृ | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| य | या | यि | यी | यु | यू | यृ | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रृ | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | लृ | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वृ | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शृ | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षृ | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | सृ | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हृ | हे | है | हो | हौ | हं | हः |
| क्ष | क्षा | क्षि | क्षी | क्षु | क्षू | क्षृ | क्षे | क्षै | क्षो | क्षौ | क्षं | क्षः |
| त्र | त्रा | त्रि | त्री | त्रु | त्रू | त्रृ | त्रे | त्रै | त्रो | त्रौ | त्रं | त्रः |
| श्र | श्रा | श्रि | श्री | श्रु | श्रू | श्रृ | श्रे | श्रै | श्रो | श्रौ | श्रं | श्रः |
| ज्ञ | ज्ञा | ज्ञि | ज्ञी | ज्ञु | ज्ञू | ज्ञृ | ज्ञे | ज्ञै | ज्ञो | ज्ञौ | ज्ञं | ज्ञः |

# पाठ एक

## मुझको, उसको, चाहिए, सिर्फ़



यह हमारा घर है।

इसमें छः कमरे हैं।

यह बड़ा कमरा है।

यह पिताजी का कमरा है।

पिताजी इसमें पढ़ते-लिखते हैं ।

मेरे भाई के लिए एक अलग कमरा है ।

वह छोटा कमरा मेरा है।

मेरा छोटा भाई भी उसमें पढ़ता-लिखता है।

हमारे घर के पीछे एक सुंदर बगीचा है।

उसमें कई पेड़ हैं।

कुछ आम के पेड़ हैं, कुछ अमरूद के पेड़ हैं।

एक कटहल का पेड़ भी है।

बगीचे में फूल के पौधे भी हैं।

कुछ फूल लाल हैं, कुछ पीले हैं और कुछ सफ़ेद भी हैं।

हम फल खाते हैं और कुछ फल मित्रों को भी देते हैं।

मुझे कटहल बहुत पसंद है।

पिताजी को आम बहुत पसंद है।

पिताजी, आप आम लीजिए।

आप थोड़ा दूध भी लीजिए।

नहीं, आज मुझे फल नहीं चाहिए ।

मुझे सिर्फ़ दूध चाहिए ।

क्या आप सिर्फ़ दूध लेंगे?

हाँ, मैं आज सिर्फ़ दूध लूँगा ।

पिताजी, मुझको एक नयी किताब चाहिए।

अच्छा, तुमको एक अच्छी किताब देता हूँ ।

आप गोविंद को भी नयी किताब दीजिए ।

अच्छा, तुमको दो किताबें देता हूँ।

एक किताब तुम लो, एक गोविंद को दो ।

पिताजी, हमें कलमें भी चाहिए।

कलम कल दूँगा, आज सिर्फ़ किताबें दूँगा ।

मोहन, तुमको कौन हिंदी सिखाते हैं ?

मुझे मास्टर राजन हिंदी सिखाते हैं।

हिंदी सीखने के लिए तुम कहाँ जाते हो?

मैं रोज़ शाम को मास्टर के घर जाता हूँ ।

वहाँ मैं सिर्फ़ हिंदी सीखता हूँ।

# शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| कमरा | Room | அறை |
| अलग | Separate | தனி |
| कुछ | Few | சில |
| कटहल | Jack fruit | பலாப்பழம் |
| फूल | Flower | பூ |
| पौधा | Plant | செடி |
| लाल | Red | சிவப்பு |
| पीला | Yellow | மஞ்சள் |
| सफ़ेद | White | வெள்ளை |
| मित्र | Friend | நண்பன் |
| दे | Give | கொடு |

| | | |
|---|---|---|
| पसंद | Like, Wish | விரும்பு |
| बहुत | Much | அதிகம் |
| थोड़ा | Some, Little | கொஞ்சம் |
| चाहिए | Want | வேண்டும் |
| सिर्फ़ | Only | மாத்திரம், மட்டும் |
| अच्छा | Good | நல்ல |
| नया | New | புதிய |
| सिखा | Teach | கற்றுக்கொடு |
| सीख | Learn | கற்றுக்கொள் |

# अभ्यास - EXERCISE

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. इस घर में कितने कमरे हैं?

2. आपके घर के पीछे क्या है ?

3. मोहन, तुमको कौन हिंदी सिखाते हैं?

## पाठ दो

### गाय, भैंस, बैल, घोड़ा



हम घरों में गाय-भैंस पालते हैं।

गाय और भैंस हमें दूध देती हैं।

हम उनका दूध पीते हैं।

गाय का दूध तंदुरुस्ती के लिए अच्छा है।

गाय का दूध सबसे बढ़िया आहार है।

गाय को कभी मत मारो।

उसको प्रेम से पालो ।



यह भैंस है।

भैंस काली होती है।

हम भैंस के दूध से दही बनाते हैं।

दही को मथने से मक्खन मिलता है।

मक्खन से हम घी बनाते हैं।

गाय का दूध पतला होता है।

भैंस का दूध गाढ़ा होता है।



किसान बैल को पालता है।
बैल गाड़ी खींचता है और खेत जोतता है।
बैल बहुत उपयोगी जानवर है।



घोड़ा समझदार जानवर है।
वह तेज़ दौड़ता है।
घोड़े गाड़ी भी खींचते हैं।
हम घोड़े पर सवारी भी करते हैं।

गाय, भैंस, बैल, घोड़ा- ये सब उपयोगी जानवर हैं।
हम इन जानवरों को पालते हैं।
इसलिए इनको पालतू जानवर कहते हैं।
शेर, बाघ, भालू आदि जंगलों में रहते हैं।
इसलिए उन्हें जंगली जानवर कहते हैं।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| गाय | Cow | பசு |
| भैंस | She Buffallo | எருமை |
| बैल | Ox, Bullock | எருது, காளை |
| घोड़ा | Horse | குதிரை |
| तंदुरुस्ती | Health | உடல்நலம் |
| दही | Curd | தயிர் |
| मक्खन | Butter | வெண்ணெய் |
| घी | Ghee | நெய் |
| किसान | Farmer | விவசாயி |
| खेत | Field | வயல் |
| जोतना | To Plough | உழுதல் |

| | | |
|---|---|---|
| जानवर | Animal | விலங்கு |
| पालतू जानवर | Domestic Animal | வளர்ப்பு பிராணி |
| जंगली जानवर | Wild Animal | வனவிலங்கு |
| शेर | Lion | சிங்கம் |
| बाघ | Tiger | புலி |
| भालू | Bear | கரடி |

## अभ्यास - EXERCISE

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. गाय का दूध कैसा होता है?

2. भैंस का दूध कैसा होता है?

3. बैल क्या खींचता है ?

## पाठ तीन

### राम अच्छा लड़का है।

राम रोज़ सबेरे छः बजे उठता है ।

पहले वह दाँत साफ़ करता है।

फिर वह हाथ-मुँह धोता है।

उसके बाद नहाता है और साफ़ कपड़े पहनता है।

वह आठ बजे से नौ बजे तक पाठ पढ़ता है।

फिर नाश्ता करता है।

उसके बाद स्कूल जाता है।

वह पाँच बजे घर वापस आता है ।

राम अच्छा लड़का है।

वह खूब पढ़ता है और पुरस्कार पाता है।

उसके दोस्त भी अच्छे लड़के हैं।

स्कूल में हम आपस में कभी नहीं लड़ते।

हम खूब पढ़ते हैं और खूब खेलते हैं ।

दोपहर को हम स्कूल में ही खाते हैं ।

रात को हम देर तक नहीं जागते ।

हम नौ बजे सो जाते हैं।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| दाँत | Tooth | பல் |
| साफ़ करना | To clean | சுத்தம் செய்தல் |
| धोना | To wash | கழுவுதல் |
| नहाना | To bathe | குளித்தல் |
| कपड़ा | Cloth | துணி |
| आपस | Mutually | தங்களுக்குள் |
| दोपहर | Noon | மதியம் |
| जागना | To wake up | விழித்தெழுதல் |

# अभ्यास - EXERCISE

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

1. राम रोज़ सबेरे कितने बजे उठता है?

2. राम कितने बजे घर वापस आता है?

3. राम कैसा लड़का है?

## पद्य - POETRY

# मोर

नाच नाचकर आता मोर,
नाना रंग दिखाता मोर।
बच्चों को बहलाता मोर,
बाग बाग उड़ जाता मोर।।



वन वन शोभित होता मोर,
सावन में खुश होता मोर।
सुन सुनकर बादल का शोर,
अपना नाच दिखाता मोर।।

कितने सुंदर पंख हैं देखो,
पंख में कितने रंग हैं देखो।
रंग में कितने ढंग हैं देखो,
नाच मनोहर इसका देखो।।

**-संकलित**

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| नाच | dance | நடனம் |
| रंग | colour | நிறம் |
| नाना | variety of | பலவகையான |
| बहलाना | to entertain | மகிழ்வித்தல் |

| | | |
|---|---|---|
| उड़ना | to fly | பறத்தல் |
| शोभित होना | to become beauty | அழகாக்குதல் |
| सावन | August-september | ஆவணி |
| बादल | cloud | மேகம் |
| शोर | noise | கூச்சல் (சப்தம்) |
| पंख | feather | சிறகு |
| ढंग | method | மாதிரி, வகை |
| मनोहर | captivating | மனதை கொள்ளை கொள்ளுதல் |

## अभ्यास - EXERCISE

**अपनी प्रांतीय भाषा में भावार्थ लिखिए:-**

1. नाच नाचकर आता .........उड़ जाता मोर।।

2. कितने सुंदर पंख.......इसका देखो।।

# जल

गरम हवा तेज़ चलती है,
सागर का जल भाप बनता है।
हवा संग वह ऊपर जाता है,
काले बादल का नाम पाता है ।।



शीतल बादल जल बरसाते हैं,
ताल-तलैये सब खूब भर जाते हैं।
बाग-बगीचे खेत हरित होते हैं,
पशु-पक्षी मानव बेहद खुश होते हैं ।।

जल से बादल, बादल से जल,
थल को श्यामल बनाता है।
जल निज शकल बदलता है,
परोपकार का पाठ सिखाता है।

**-संकलित**

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| हवा | wind | காற்று |
| भाप | steam | நீராவி |
| संग | company | சேர்க்கை |

| | | |
|---|---|---|
| बादल | clouds | மேகங்கள் |
| पाना | to get | பெறுதல் |
| शीतल | cool | குளிர்ந்த |
| ताल-तलैया | pond | குளம்-குட்டை |
| बेहद | limitless | எல்லையற்ற |
| थल | land | நிலம் |
| परोपकार | to help others | பிறருக்கு உதவி செய்தல்(நன்மை) |

## अभ्यास - EXERCISE

अपनी प्रांतीय भाषा में भावार्थ लिखिए:-

1. जल से बादल .............परोपकार का पाठ सिखाता है।।

## गद्य – PROSE

# 1.कन्याकुमारी



कन्याकुमारी भारत के दक्षिणी छोर पर है। कन्याकुमारी का पुराना नाम नांचिलनाडु है।

यहाँ तीन समुद्रों का संगम होता है। समुद्रों का ऐसा संगम और कहीं नहीं है। यहाँ इन तीनों समुद्रों की लहरें तीन दिशाओं से उठकर आपस में टकराती है।

कन्याकुमारी के समुद्रतट पर खड़े होकर सबेरे सूर्योदय और शाम को सूर्यास्त का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। इसी प्रकार पूर्णिमा के दिन शाम को हम पूरब में चंद्रोदय और पश्चिम में सूर्यास्त के दृश्य एक ही समय देख सकते हैं।

यहाँ समुद्र के बीच चट्टान पर स्वामी विवेकानंद का स्मारक भवन और संत कवि तिरुवल्लुवर की मूर्ति स्थापित हैं। यहाँ आने-जाने के लिए नाव की सुविधा है। कन्याकुमारी में महात्मा गाँधी की याद में एक मंडप भी बना है। समुद्रतट पर देवी कन्याकुमारी का एक पुराना मंदिर है। देवी के दर्शन करने लोग दूर-दूर से यहाँ आते हैं।

कन्याकुमारी के सुंदर दृश्यों को देखने के लिए लोग विदेशों से भी आते हैं। यहाँ के बाज़ार में लकड़ी और सीप की बनी चीजें बिकती हैं। हमको कम से कम एक बार कन्याकुमारी जाकर वहाँ के सुंदर दृश्यों को देखना है।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| छोर | tip | முனை |
| संगम | confluence | சங்கமம் |
| आपस में | mutually | தங்களுக்குள் |
| समुद्रतट | beach | கடற்கரை |
| सूर्योदय | sun-rise | சூரியோதயம் |
| दृश्य | scene | காட்சி |
| चट्टान | rock | பாறை |

| | | |
|---|---|---|
| स्मारक भवन | memorial place | நினைவிடம் |
| सुविधा | facility | வசதி |
| मूर्ति | statue | சிலை |
| विदेश | foreign country | வெளிநாடு |
| लहर | wave | அலை |
| चंद्रोदय | moonrise | சந்திரோதயம் |
| नाव | boat | படகு |
| बाज़ार | market | கடைவீதி |
| सीप | shell | சிப்பி |
| दिशा | direction | திக்கு |
| मंडप | mandapam | மண்டபம் |

## अभ्यास - EXERCISE

### प्रांतीय भाषा में अर्थ लिखिए:-

1.आपस में

2.चट्टान

3.सुविधा

4.विदेश

5.सीप

### विलोम शब्द लिखिए:-

1.सूर्योदय

2.सबेरे

3.सुंदर

4.दिन

5.विदेश

## सही या गलत लिखिए:-

1. कन्याकुमारी भारत के उत्तरी छोर पर है।
2. कन्याकुमारी में तीन समुद्रों का संगम होता है ।
3. कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद का स्मारक भवन है।
4. देवी कन्याकुमारी का मंदिर नया है ।
5. चट्टान पर संत तिरुवल्लुवर की मूर्ति स्थापित है।

## प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए:-

1. कन्याकुमारी कहाँ है ?
2. कन्याकुमारी का पुराना नाम क्या है ?
3. कन्याकुमारी में कितने समुद्रों का संगम होता है ?
4. पूर्णिमा के दिन शाम को एक ही समय में कन्याकुमारी में हम क्या व देख सकते हैं ?
5. समुद्रतट पर किसका मंदिर है ?

# 2.सफ़ाई



सफ़ाई हम जानते ही हैं कि गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती है। इसलिए हमें जीवन के हर कदम पर सफ़ाई का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले हमें शरीर की सफाई पर ख्याल रखना चाहिए। प्रतिदिन बड़े सबेरे उठते ही शौचादि से मुक्त हो जाना चाहिए। फिर दाँत साफ़ करना चाहिए। दाँत और मुँह साफ़ रखने के लिए खाने के बाद पानी से अच्छी तरह मुँह कुल्ला करना चाहिए। नहीं तो मुँह से बदबू आएगी।

हमें अपने शरीर को साफ़ रखना चाहिए। अपने शरीर को साफ़ रखने के लिए रोज़ नहाना चाहिए। शरीर पोंछने के लिए साफ़ तौलिये का उपयोग करना चाहिए। रोज़ नहाने से शरीर और मन चुस्त रहते हैं और हम कई प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं।

हमें हमेशा साफ़ कपड़ा ही पहनना चाहिए। मैले कपड़ों से आनेवाली बबू गले की बीमारी का कारण बनती है। इसलिए कपड़ों को रोज़ साबुन से धोना चाहिए और धुले कपड़े ही पहनने चाहिए।

खाद्य पदार्थ और रोज़मर्रा उपयोगी चीजें जैसे कलम, पुस्तक, बस्ता आदि चीज़ों की सफ़ाई पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। साथ-साथ अपने घर अपने आस-पास की जगहों और आम जगहों की सफ़ाई पर भी ध्यान देना हमारा कर्तव्य है। शुद्ध तन में शुद्ध मन रहता है। प्रसन्न और सुखी जीवन के लिए मन और तन को साफ़ रखना तथा अच्छी आदतों का पालन करना अत्यंत ज़रूरी है।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | | |
|---|---|---|
| शरीर | body | உடம்பு |
| सफ़ाई | cleanliness | சுத்தம் |
| ध्यान रखना | to keep attention | கவனமாய் இருத்தல் |
| मुक्त होना | to be released | விடுபடுதல் |
| बद्बू | bad smell | துர்நாற்றம் |
| गंदगी | dirtiness | அசுத்தம் |
| बीमारी | sickness | நோய் |
| कुल्ला करना | gargling | வாய்க் கொப்பளித்தல் |
| तौलिया | towel | துண்டு |
| पोंछना | to wipe | துடைத்தல் |
| चुस्ती | activeness | சுறுசுறுப்பு |
| प्रसन्न रहना | being happy | மகிழ்வாக இருத்தல் |
| मैला | dirty | அழுக்கான |

| | | |
|---|---|---|
| ख्याल रखना | to take care | கவனித்தல் |
| बस्ता | school bag | பள்ளிக்கூட பை |
| धोना | to wash | கழுவுதல் |
| पहनना | to wear | அணிதல் |
| प्रतिदिन | daily | தினந்தோறும் |
| आदत | habit | பழக்கம் |

## अभ्यास - EXERCISE

### प्रांतीय भाषा में अर्थ लिखिए:-

1.प्रतिदिन

2.बद्बू

3.सफ़ाई

4.मैला

5.बीमारी

6.पोंछना

7.शरीर

8.चुस्ती

### विलोम शब्द लिखिए:-

1.बद्बू

2.चुस्ती

3.उपयोग

4.प्रसन्न

5.अच्छी

## कोष्ठक से सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए:-

1.रोज़ बड़े............उठो। (सबेरे / शाम को)

2...... पानी से स्नान करना चाहिए । (गंदे / साफ़)

3.दाँत साफ़ रखने से...से बद्दू नहीं आएगी। (मुँह / सिर)

4.रोज़ कपड़ा धोना....है । (अच्छा / बुरा)

5.शुद्ध शरीर में....मन रहता है। (अशुद्ध / शुद्ध)

## वाक्यों को मिलाइए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. गंदगी से | - | का भी ख्याल रखना है। |
| 2. शरीर को साफ़ रखने के लिए | - | कई प्रकार की बीमारियाँ फैलती हैं। |
| 3. बस्ते की सफ़ाई | - | रोज़ नहाना चाहिए । |
| 4. हमें अपने घर की सफ़ाई पर | - | शुद्ध मन रहता है। |
| 5. शुद्ध तन में | - | ध्यान देना चाहिए। |

**प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए:-**

1. सबेरे कब उठना चाहिए?

2. बीमारियाँ क्यों फैलती हैं?

3. भोजन करने के बाद क्या करना चाहिए?

4. क्या घर की सफ़ाई का भी ख्याल रखना चाहिए?

5. शुद्ध शरीर में क्या रहता है?

# 3. विमला का घर



विमला चौथी कक्षा में पढ़ती हैं। वह रोज समय पर पाठशाला जाती है । उसका घर अमीरपेट में है। वह पैदल ही पाठशाला जाती है।

विमला का घर छोटा है। उसमें चार कमरे हैं। कमरे साफ-सुथरे हैं । उसके घर के सामने थोड़ी जमीन है। उसमें कई तरह के पौधे हैं। ये सब फूलों के पौधे हैं। गुलाब के फूल बहुत सुंदर हैं। विमला रोज पौधों को पानी देती है । विमला का एक छोटा भाई है। उसका नाम तरुण है। वह भी अपनी बहन के साथ पौधों को पानी देता है ।

घर के पीछे एक पेड़ है। वह आम का पेड़ है । विमला के पिताजी उसके नीचे बैठते हैं। उसकी छाया में बैठने से मन खुश रहता है। वसंत में कोयल उस पर बैठकर कूकती है। उस पर कौओं के दो घोंसले हैं ।

विमला अपने कमरे को साफ रखती है। एक ओर दो मेज हैं। एक विमला के लिए और दूसरा तरुण के लिए। दोनों वहाँ पढ़ते हैं। विमला की माँ ने एक तोता पाल रखा है। वह हमेशा 'राम-राम' कहता है।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | |
|---|---|
| कक्षा = वर्ग | class |
| पौधे | plants |
| पैदल | by walk |
| छाया | shadow |
| फ-सुथरे = स्वच्छ | clear |
| वसंत | spring season |
| सामने | in front of |
| साफ- घोंसले | nest |
| जमीन = भूमि | land |
| हमेशा = सदा | always |

## अभ्यास - EXERCISE

उत्तर दो । Answer the following questions.

1) विमला किस कक्षा में पढ़ती है ?

2) वह पाठशाला कैसे जाती है ?

3) उसका घर कैसा है ?

4) गुलाब के फूल कैसे हैं ?

5) उसके पिताजी कहाँ बैठते हैं ?

6) उसकी माता ने क्या पाल रखा है ?

**II) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो । Fill in the blanks.**

1) __________का घर छोटा है ।
2) ये सब __________ के पौधे हैं ।
3) घर के पीछे एक __________ है ।
4) दोनों __________ पढ़ते हैं ।

## 4. हमारा देश




हमारा देश भारत है । इसे हिन्दुस्तान भी कहते हैं । पुराने ज़माने में भरत नाम का राजा राज करते थे । उनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी । इन्हीं के कारण हमारे देश का नाम भारत पड़ा ।

हमारे देश के उत्तर में हिमालय पहाड़, पूरब में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में अरब सागर और दक्षिण में हिन्दु महासागर हैं ।

यहाँ गंगा, यमुना, कावेरी, सिंधु, ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, कृष्ण, नर्मदा, तपती आदि पवित्र और पुण्य नदियाँ बहती हैं।

यहाँ काशी, रामेश्वर, तिरुपति, केदारनाथ, बदरीनाथ हृषीकेश आदि प्रसिद्ध तीर्थ स्थान हैं।

दिल्ली हमारे देश की राजधानी है। दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता और चेन्नई हमारे देश के मुख्य महानगर हैं।

यहाँ विभिन्न भाषाओं, विभिन्न जातियों तथा विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं। फिर भी भिन्नता में एकता है। हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है। हमारे देश के ऋतुओं को चार प्रकारों में बाँटा गया है। वे हैं वसंत ऋतु, ग्रीष्म ऋतु, पतझड़ ऋतु और जाड़ा ऋतु। हर एक ऋतु का अपना अलग-अलग महत्व है। दुनिया में भारत का स्थान ऊँचा है।

## शब्दार्थ - MEANINGS

| | |
|---|---|
| पुराने ज़माने | Olden Days |
| प्रजा | People |
| उत्तर | North |
| पूरब | East |
| पश्चिम | West |
| दक्षिण | South |
| राष्ट्रभाषा | National Language |
| हिमालय | Himalayas |
| अरब सागर | Arabian Sea |
| महानगर | Big City |
| भाषा | Language |
| धर्म | Religion |

## उल्टे शब्द|

## OPPOSITES

1.पुण्य x पाप

2. पवित्र x अपवित्र

3. एक x अनेक

4. प्रसिद्ध x अप्रसिद्ध

5. यहाँ × वहाँ

## अभ्यास - EXERCISE

### रिक्त स्थान भरिए। Fill in the blanks.

1.भारत को _____________ भी कहते हैं।

2. ___________ हमारे देश की राजधानी है।

3. हिन्दी हमारी ______________ है।

4.हमारे देश के ऋतुओं को ___________ में बाँटा गया है।

5. दुनिया में भारत का स्थान _____________ है।

### सही या गलत लिखिए | Write True Or False.

1. दिल्ली हमारे देश का महानगर है। ________

2. भारत को हिन्दुस्तान भी कहते हैं।________

3. हमारे देश के उत्तर में बंगाल की खाड़ी है। _________

4. दुनिया में भारत का स्थान महत्वपूर्ण है। _________

**प्रश्नों के उत्तर लिखिए | Answer the following questions.**

1. भारत नाम कैसे पड़ा ?

2. भारत का दूसरा नाम क्या है ?

3. हमारे देश के चारों ओर क्या-क्या हैं ?

4. हमारे देश की किन्हीं तीन नदियों के नाम लिखिए ।

5. भारत में प्रसिद्ध तीर्थ स्थान क्या-क्या हैं ?

6. भारत की राजधानी क्या हैं ?

## PRESENT IMPERFECT TENSE

## தொடர் நிகழ்காலம்

### अपूर्ण वर्तमानकाल

राम रोटी खा रहा है|

Rama is eating bread.

இராமன் ரொட்டி சாப்பிட்டுக் கொண்டிருக்கிறான்.

मैं स्कूल  जा रहा हूँ|

I am going to school.

நான் பள்ளிக்கூடம் போய்க் கொண்டிருக்கிறேன்.

वे काम कर रहे हैं|

They are doing work.

அவர்கள் வேலை செய்து கொண்டிருக்கிறார்கள்.

तुम क्या कर रहे हो?

What are you doing?

நீ என்ன செய்து கொண்டிருக்கிறாய்?

सीता सो रही है|

Sita is sleeping.

சீதை தூங்கிக்கொண்டிருக்கிறாள்.

तुम क्या सोच रही हो?

What are you (feminine) thinking?

நீ (பெண்பால்) என்ன யோசித்துக் கொண்டிருக்கிறாய்?

वहाँ कौन गा रही है ?

Who (feminine) is singing there?

அங்கே பாடிக்கொண்டிருப்பவள் யார்?

हम हिंदी सीख रही हैं |

We (feminine) are learning Hindi.

நாங்கள் (பெண்பால்) ஹிந்தி கற்றுக் கொண்டிருக்கிறோம்.

# अभ्यास - EXERCISE

## CHANGE THE FOLLOWING SENTENCES INTO PRESENT IMPERFECT TENSE:

1. मैं रोटी खाता हूँ।

2. हम गेंद खेलते हैं।

3. वह घर जाता है।

4. सीता कपड़े सीती है।

5. माँ रोटी बनाती हैं।

6. तुम क्या करते हो?

7. वे अख़बार पढ़ते हैं।

8. सरला दूध लाती है।

9. वह औरत फल बेचती है।

10. लड़कियाँ सबक याद करती हैं|

## FILL IN THE BLANKS WITH SUITABLE VERBS IN THE PRESENT PERFECT TENSE:

1. बिल्ली दूध ________________________|

2. हम तमाशा ________________________|

3. लड़कियाँ घर में________________________|

4. पिताजी ख़त ________________________|

5. वे चाय________________________|

6.आप यहाँ क्या ________________________?

7. लड़के मैदान में ________________________|

8. अध्यापक लड़कों को________________________|

9. मैं पाठ ________________________|

10. हम घड़ी________________________|

# ADJECTIVES

# பெயர் உரிச்சொல்

# विशेषण

1. अच्छा लड़का

Good boy.

நல்ல பையன்.

2. बड़ा आदमी

Great man.

பெரிய மனிதன்.

3. ठंडा पानी

Cold water.

குளிர்ந்த நீர்.

4. अच्छी लड़की

Good girl.

நல்ல பெண்.

5. काली बिल्ली

Black cat.

கருப்புப் பூனை.

6. मोटा आदमी

Fat man.

பருத்த மனிதன்.

7. मीठे फल

Sweet fruits.

இனிப்பான பழங்கள்.

8. गरम दूध

Hot milk.

சூடான பால்.

In the above phrases अच्छा, बड़ा, ठंडा, काली, मोटा, मीठे and गरम are adjectives (विशेषण).

Adjectives must be of the same gender and numbers as the nouns and pronouns which they qualify.

Adjectives ending in ' आ ' change into ' ई ' qualifying a feminine noun and pronoun and into ' ए 'when qualifying a masculine plural

noun and pronoun or a masculine noun followed by a case-ending in singular number.

## अभ्यास - EXERCISE

### FILL IN THE BLANKS WITH SUITABLE ADJECTIVES FROM THOSE GIVEN IN BRACKETS:

1. बाज़ार से ____________ दूध लाओ। (खट्टा, अच्छा, गरम)

2. यह ________लड़की (feminine) मेरी बहन है। (काला, मोटा, छोटी)

3. वह _________स्याही से लिखता है। (काला, लाल, पीला)

4. यहाँ आम के चार _________पेड़ हैं। ( बड़े, चौड़ा, गोल)

5. मैं रोज़ तीन ___________ केले (masculine) खाता हूँ। ( सस्ता, पीला, हरे)

6. दादा के बाल (masculine) ______________ हैं। (काला, नीला, सफ़ेद)

7. सेतु का कुरता (masculine)_____________ हैं। (गोल, गंदा, गरम)

8. यह गली (feminine) _______ है। (लंबी, चौड़ा, औंधा)

9. गंगा का पानी (masculine) ________ है । (खारा, साफ़, मीठा)

10. खद्दर (masculine) बहुत________ है ।(पतला, सस्ता, महँगा)

## CASE-ENDINGS

## வேற்றுமை உருபுகள்

## कारक- चिह्न

राम को बुलाओ।

Call Rama.

இராமனைக் கூப்பிடு

यह फल मोहन को दो।

Give this fruit to Mohan

இந்தப் பழத்தை மோகனுக்கு கொடு.

कलम से लिखो।

Write with a pen.

பேனாவால் எழுது.

वह शरह से आता है।

He comes from the town.

அவன் நகரத்திலிருந்து வருகிறான்.

सीता कल से बीमार है।

Sita has been ill from yesterday.

சீதை நேற்றிருந்து உடல் நலமின்றி இருக்கிறாள்.

हम नदी का पानी पीते हैं।

We drink the water of the river.

நாங்கள் ஆற்று நீர் குடிக்கிறோம்.

कलम में लाल स्याही है।

There is red ink in the pen.

பேனாவில் சிவப்பு மை இருக்கிறது.

किताब मेज़ पर है।

The book is on the table.

புத்தகம் மேசையின் மேல் இருக்கிறது.

In the above sentences -को, -से, -का, -में and -पर are case-endings (कारक-चिह्न).

| | | |
|---|---|---|
| -को | -to | - ஐ,கு |
| -से | -by, with,<br>from, than | -ஆல்,<br>ஓடு,<br>உடன்,<br>இருந்து<br>காட்டிலும்<br>(விட) |

| | | |
|---|---|---|
| -का, -के, -की | -of | -உடைய |
| -में | -in | -ல்,உள்ளே |
| -पर | -on | -மேல் |

**FILL IN THE BLANKS WITH SUITABLE CASE-ENDINGS:**

1. हम आँखों ____________देखते हैं।

2. ये रुपये पंडितजी __________ हैं|

3. नज़ीर दो दिनों __________बीमार है।

4. यह घर लता_____________ है।

5. बंदर________________केला बहुत पसंद है।

6. अध्यापक गोपाल ______________ बहुत प्यार करते हैं।

7. घड़ी दीवार _______________है |

8. कलम_____________ स्याही नहीं है।

9. तुम कहाँ ______________आ रहे हो ?

## THE POSSESSIVE CASE-ENDINGS
## ஆறாம் வேற்றுமை உருபு
## संबंध कारक

राम का लड़का

Rama's son.

இராமனுடைய பையன்.

राम के लड़के

Rama's sons.

இராமனுடைய பையன்கள்.

राम की लड़की

Rama's daughter.

இராமனுடைய பெண்.

राम की लड़कियाँ

Rama's daughters.

இராமனுடைய பெண்கள்

सीता का भाई

Sita's brother.

சீதையின் சகோதரன்.

इब्राहीम की गाय

Ibrahim's cow.

இப்ரஹீமினுடைய பசு

राम के घर में

In Rama's house.

இராமனுடைய வீட்டில்

सीता के बच्चों का

Of Sita's children.

சீதையினுடைய குழந்தைகளின்

का is used when the noun that follows is masculine singular.

के is used (i) when the noun that follows is masculine plural.

or (ii) when the noun that follows again followed by another case-ending.

की   is used when the noun the follows is feminine (singular or plural).

## अभ्यास - EXERCISE

**FILL IN THE BLANKS WITH SUITABLE POSSESSIVE CASE-ENDINGS:**

1. मैं गोपाल ________ भाई हूँ ।
2. शरीफ़ ________दो भाई मैसूर में रहते हैं ।
3. आप________ लड़की _______ नाम क्या है ?
4. उमा ________ बाप कहाँ रहते हैं?
5. उत्तर भारत ________स्त्रियाँ परदे में रहती हैं।
6. उस गाय  ________ दूध बहुत मीठा है।

COMPLETE THE FOLLOWING SENTENCES:

1. नारायण की बहन        ________________________________

2. पिताजी का दफ़्तर        ________________________________

3. भारत का इतिहास        ________________________________

4. शारदा के पति        ________________________________

5. आपकी गाय        ________________________________

6. प्रकतीश  का कुत्ता ________________________________

7. रशीदा की माँ ________________________________

8. सरला के बाप ________________________________

9. तुम्हारे दोस्त का ________________________________

10. हमारे देश के ________________________________

**CORRECT THE WRONG USES OF THE POSESSIVE CASE-ENDINGS IN THE FOLLOWING SENTENCES:**

1.नारायण  के बहन की नाम प्रिया है।

2. पिताजी का दफ़्तर में चार नौकर हैं।

3. भारत का इतिहास से हम कई बातें सीखते हैं।

4. सीता की पति का नाम राम था।

5. आपकी मामा का गाँव कहाँ है ?

6. अशरफ़ के लड़कियाँ अलीगढ़ में पढ़ती हैं।

7. जोसफ़ का गाय कितना दूध देती है ?

8. रामनाथ रशीदा की बड़ा दोस्त है।

9. कौशल्या  की बाप कहाँ रहते हैं ?

10. मुरुगन  के माँ से दो रुपये लाओ ।

## भूतकाल

## PAST TENSE

## இறந்த காலம்

था - masculine singular for "was" - இருந்தேன்,

இருந்தான்,

இருந்தது.

थे - masculine plural for "were" - இருந்தோம்,

இருந்தார்,

இருந்தார்கள்,

இருந்தாய்,

இருந்தீர்கள்,

இருந்தன.

थी - feminine singular for "was" - இருந்தேன்,

இருந்தாள்,

இருந்தது.

थीं - feminine plural for "were" - இருந்தோம்,

இருந்தார்,

இருந்தார்கள்,

இருந்தாய்,

இருந்தீர்கள்,

இருந்தன.

मैं कल ऊटी में था।

I was in Ooty yesterday.

நான் நேற்று உதகமண்டலத்தில் இருந்தேன்.

तुम परसों कहाँ थे?

Where were you the day before yesterday?

நீ நேற்றுமுன்தினம் எங்கே இருந்தாய்?

रामनाथजी कल सभा में नहीं थे।

Ramanathji was not in the meeting yesterday.

இராமநாதன் அவர்கள் நேற்று கூட்டத்தில் இல்லை.

राधा स्कूल में थी।

Radha was in the school.

ராதா பள்ளியில் இருந்தாள்.

वे हमेशा हिंदी में ही बोलते थे।

He was talking in Hindi always.

அவர் எப்பொழுதும் ஹிந்தியிலேயே பேசி வந்தார்.

सरोजिनी देवी पहले मुंबई में रहती थीं।

Sarojini Devi was formerly living in Mumbai.

சரோஜினிதேவி முன்பு மும்பாயில் வசித்துவந்தார்.

# अभ्यास - EXERCISE

**FILL IN EACH BLANK WITH था, थे, थी, थीं :**

1. मेरा दोस्त मैदान में _______________ |
2. वे पहले इस घर में रहते _______________ |
3. मैं शहर में _______________ |
4. गोपाल मेरे साथ नहीं_______________ |
5. मैं शारदा के घर में _______________ |
6. सुभद्रा, तुम कल सबेरे कहाँ_______________ ?
7. काव्या और दिव्या पार्क में _______________ |
8. राधा भी मेरे साथ वहाँ _______________ |
9. तुम दो दिन तक कहाँ _______________ ?
10. आप दोनों (स्त्री) कल कहाँ_______________ ?

# गिनती - NUMBERS

| | | | |
|---|---|---|---|
| एक | One | ग्यारह | Eleven |
| दो | Two | बारह | Twelve |
| तीन | Three | तेरह | Thirteen |
| चार | Four | चौदह | Fourteen |
| पाँच | Five | पंद्रह | Fifteen |
| छः | Six | सोलह | Sixteen |
| सात | Seven | सत्रह | Seventeen |
| आठ | Eight | अठारह | Eighteen |
| नौ | Nine | उन्नीस | Nineteen |
| दस | Ten | बीस | Twenty |

| | |
|---|---|
| इक्कीस **TWENTY ONE** | इकतीस **THIRTY ONE** |
| बाईस **TWENTY TWO** | बत्तीस **THIRTY TWO** |
| तेईस **TWENTY THREE** | तैंतीस **THIRTY THREE** |
| चौबीस **TWENTY FOUR** | चौंतीस **THIRTY FOUR** |
| पच्चीस **TWENTY FIVE** | पैंतीस **THIRTY FIVE** |
| छब्बीस **TWENTY SIX** | छत्तीस **THIRTY SIX** |
| सत्ताईस **TWENTY SEVEN** | सैंतीस **THIRTY SEVEN** |
| अट्ठाईस **TWENTY EIGHT** | अड़तीस **THIRTY EIGHT** |
| उनतीस **TWENTY NINE** | उनतालीस **THIRTY NINE** |
| तीस **THIRTY** | चालीस **FORTY** |

| | |
|---|---|
| इकतालीस FORTY ONE | इक्यावन FIFTY ONE |
| बयालीस FORTY TWO | बावन FIFTY TWO |
| तैंतालीस FORTY THREE | तिरपन FIFTY THREE |
| चवालीस FORTY FOUR | चौवन FIFTY FOUR |
| पैंतालीस FORTY FIVE | पचपन FIFTY FIVE |
| छियालीस FORTY SIX | छप्पन FIFTY SIX |
| सैंतालीस FORTY SEVEN | सत्तावन FIFTY SEVEN |
| अड़तालीस FORTY EIGHT | अट्ठावन FIFTY EIGHT |
| उनचास FORTY NINE | उनसठ FIFTY NINE |
| पचास FIFTY | साठ SIXTY |

| | | | |
|---|---|---|---|
| इकसठ | SIXTY ONE | इकहत्तर | SEVENTY ONE |
| बासठ | SIXTY TWO | बहत्तर | SEVENTY TWO |
| तिरसठ | SIXTY THREE | तिहत्तर | SEVENTY THREE |
| चौंसठ | SIXTY FOUR | चौहत्तर | SEVENTY FOUR |
| पैंसठ | SIXTY FIVE | पचहत्तर | SEVENTY FIVE |
| छियासठ | SIXTY SIX | छिहत्तर | SEVENTY SIX |
| सडसठ | SIXTY SEVEN | सतहत्तर | SEVENTY SEVEN |
| अड़सठ | SIXTY EIGHT | अठहत्तर | SEVENTY EIGHT |
| अनहत्तर | SIXTY NINE | उन्नासी | SEVENTY NINE |
| सत्तर | SEVENTY | अस्सी | EIGHTY |

| | |
|---|---|
| इक्यासी | **EIGHTY ONE** |
| बयासी | **EIGHTY TWO** |
| तिरासी | **EIGHTY THREE** |
| चौरासी | **EIGHTY FOUR** |
| पचासी | **EIGHTY FIVE** |
| छियासी | **EIGHTY SIX** |
| सत्तासी | **EIGHTY SEVEN** |
| अठासी | **EIGHTY EIGHT** |
| नवासी | **EIGHTY NINE** |
| नब्बे | **NINETY** |